धनबाद, शुक्रवार
4 अक्टूबर, 2024
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित




राहुल की मोहब्बत की दुकान में अब नशे का सामान भी मिलने लगा : भाजपा 12

विजयी शुरुआत करने उतरेंगी हरमनप्रीत की टीम 14



# छात्रों ने दिया संदेश इस बार नो पटाखा

जागरण संवाददाता, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने देश की भयावह समस्या (प्रदूषण ) को जड़ से मिटाने के लिए बुधवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान इस बार दुर्गापूजा और दिवाली पर पटाखे न फोड़ , देश को प्रदूषण जैसी समस्या से मुक्त करने तथा समाज को जाग्रत करने के लिए छात्रों ने सृष्टि नगर , सेंट्रम माल तथा तरंग सोसायटी में रैली निकाली। छात्रों ने संदेश दिया कि उत्सव मनाने के लिए पटाखों के शोर और प्रदूषण की आवश्यकता नहीं, उसके लिए तो आपसी सद्भाव और जोश ही पर्याप्त है। अपने मनोरंजन के लिए पर्यावरण, पशु पक्षियों, बुजुर्गों को कष्ट पहुंचाना हमारी संस्कृति नहीं है। यह केवल सरकार और अदालत का ही काम नहीं कि वह पटाखों पर रोक लगाए, देश का सभ्य नागरिक होने के नाते हमारा भी यह कर्तव्य है कि हम इस आंदोलन में अपनी भागीदारी दें। इस दौरान पर्यावरण को बचाएंगे पटाखे नहीं जलाएंगे, न धूम न धड़ाका , इस बार नो पटाखा , खुशियां खूब मनाएंगे , पटाखे नहीं जलाएंगे जैसे नारों से छात्रों ने पूरे सृष्टि नगर को गुंजायमान कर दिया। रैली में अभिभावक भी शामिल हुए। प्रधानाचार्य विनीता श्रीवास्तव ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों के इस कार्य में विद्यालय हर कदम पर उनके साथ है।




नो पटाखा को लेकर जागरूकता रैली निकालते डीपीएस आसनसोल के छात्र • जागरण